नर्मदा परिक्रमा

(मार्गदर्शिका)

- आत्मकृष्ण

पतित पावनी श्री नर्मदा मैया

।। नर्मदे हर ।।

।। नर्मदे हर हर ।।

।। नर्मदे हर हर हर ।।

श्रीमत् परमहस परिव्राजकाचार्य
वासुदेवानंद सरस्वती (टेंबे) स्वामी महाराज

नर्मदा परिक्रमा मार्ग

रत्न सागर (अरबी समुद्र) 6 hr.

(3200 KM) Approx

नर्मदा परिक्रमा बस मार्ग

मिठीतलाई 60 Km → भालोद 52 Km → नारेश्वर 65 Km → तिलकवाडा 16 Km → गरुडेश्वर 208 Km → कोटेश्वर → महेश्वर 8 Km → मंडलेश्वर 64 Km → बडवाह 164 Km → नेमावर 119 Km → बुधनी 70 Km → बरेली 90 Km → बरमानघाट 115 Km → जबलपूर 80 Km → शाहपूरा 60 Km → जोगी टिकरिया 110 Km → अमरकंटक

अमरकंटक 88 Km → डिंडोरी 145 Km → महाराजपूर 174 Km → नरसिंगपूर 26 Km → बरमानघाट 121 Km → पिपरीया 95 Km → होशंगाबाद 95 Km → हरदा 183 Km → ॐकारेश्वर → बडवानी 193 Km → प्रकाशा 162 Km → राजपिपला 133 Km → भालोद 70 Km → कटपोर 50 Km

नर्मदा परिक्रमा बस मार्ग (3200 KM) Approx

पुराणो में नर्मदा महिमा

जाह्नवी वैष्णवी गंगा, ब्राह्मी गंगा सरस्वती ।
इयं माहेश्वरी गंगा, रेवा नास्त्यत्र संशयम् ।।१।।
गंगा कनखले पुण्या, कुरुक्षेत्रे सरस्वती ।
ग्रामे यदि वाऽरण्ये पुण्या सर्वत्र नर्मदा ।।२।।
स्मरणात् जन्मजं पापं, दर्शनेन त्रिजन्मजम् ।
स्नानात् जन्मसहस्राख्यं हन्ति रेवा कलौ युगे ।।३।।
सर्वत्र सुलभा रेवा, त्रिषु स्थानेषु दुर्लभा ।
ओंकारेऽथ भृगुक्षेत्रे, तथा रेवोरिसंगमे ।।४।।
गंगा कनखले पुण्या, प्राच्यां पुण्या सरस्वती ।
याम्ये गोदावरी पुण्या, पुण्या सर्वत्र नर्मदा ।।५।।
नर्मदा नर्मदा सर्व - मनोरथान् ददाति वै ।
कलौ तु नर्मदा देवी, कल्पवृक्षो जनार्तिहा ।।६।।
प्रभाते वहति गंगा, मध्याह्ने तु सरस्वती ।
अपराह्ने सर्वतीर्थानि, रात्रौ वहति नर्मदा ।।७।।
ऋग्वेदमूर्तिर्गंगा स्याद्, यमुना च यजुर्ध्रुवम् ।
नर्मदा साममूर्तिस्तु, स्यादथर्वा सरस्वती ।।८।।
सद्यः पापहरा गंगा, सप्ताहेन कलिन्दजा ।
त्र्यहात् सरस्वती तीरे, रेवे ! त्वं तु दर्शनात् ।।९।।
अेषा पवित्रा विमला, नदी त्रैलोक्य-विश्रुता ।
नर्मदा सरितां श्रेष्ठा, महादेवस्य वल्लभा ।।१०।।
सर्वतीर्थेषु यत्पुण्यं, स्नात्वा सागरमादितः ।
सकृत् स्नात्वा तथा श्रुत्वा, नर्मदायां फलं हि तत् ।।११।।

नर्मदा परिक्रमा

(मार्गदर्शिका)

।। नर्मदेहर ।।

।। परस्परदेवो भव ।।

व्याख्यामुद्रां प्रवरदकरे दक्षिणे धारयन्तीं
वामे लिंगं सलिलकलशं भूषयन्तीं वरेण्याम् ।
अंभोजस्थां मकररथगां दिव्यसौन्दर्यमूर्तिं
वन्दे रेवां कलकलरवां शंभुकन्यां शरण्याम् ।।

श्रीअवधूत साहित्य प्रकाशन ट्रस्ट, नारेश्वर

प्रकाशक
श्री अवधूत साहित्य प्रकाशन ट्रस्ट,
नारेश्वर. पो. सायर ।
वाया - अंकलेश्वर - ३१३१०७
फोन : (०२६६६) २५३२९३

© सर्व हक्क प्रकाशक आधीन

सातवां संस्करण] दत्तजयंति सं.:२०७० [प्रत - ६०००
ता. १६-१२-२०१३

मूल्य : १० रूपये

मुद्रक :-
हेम प्रिन्टींग प्रेस,
४, लब्धि इन्ड. ओस्टेट, ओसिड मिल कंपाउन्ड,
प्रतापनगर, वडोदरा-०४,
फोन : (०२६५) २५८०२४४, २५८०२३३

अनुक्रमणिका

क्रमांक	विषय	पृष्ठांक
१.	प्रकाशक का निवेदन	I
२.	भूमिका	II
३.	नर्मदाष्टक	III
४.	नर्मदा महिमागान	VI
५.	नर्मदा आरती	VII
६.	कुछ आवश्यक बातें	VIII
७.	नर्मदा उत्पत्तिकथा	IX
८.	नर्मदा परिक्रमा पध्धति अेवं प्रकार	XII
९.	नर्मदा परिक्रमा मार्ग - उत्तरतट	१
१०.	नर्मदा परिक्रमा मार्ग - दक्षिणतट	५३
११.	नर्मदा परिक्रमा यात्रा - वाहनमार्ग	१०३

१. प्रकाशक का निवेदन

स्वामी श्री आत्मकृष्ण नारेश्वर आते रहते हैं । उनका मिलनसार, अनुष्ठानप्रिय स्वभाव हर अेक को प्रभावित करता है । पू. श्री रंग अवधूत महाराज की और उनके बारेमें लिखी गई कृतियां पढ़कर चिर अभिलषित श्री नर्मदा परिक्रमा करने की उनको इच्छा हुई । वे नर्मदा परिक्रमा कर भी आये । प्रदक्षिणा करते समय उन्हें जो प्रतिकूलताओं का अनुभव हुआ उसके समाधान रूपमें अेक पुस्तिका उन्होंने तैयार की ।

माँ नर्मदा की प्रदक्षिणा करनेवाले यात्रिकों के लिये यह पुस्तिका अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी यह सोचकर उसका प्रकाशन किया गया । अब तक इस पुस्तिका की छे आवृत्तियाँ हो चूकी है और हजारों परिक्रमावासियों ने उसका सहारा लेकर अपनी परिक्रमा सरलता से संपन्न की है । समयानुसार नर्मदा पर अनेक बांधो का निर्माण हुआ और परिक्रमामार्ग में भी परिवर्तन आ गया है । इस सातवीं आवृत्ति में पूरे मार्ग का संशोधन किया गया है और नये सिरेसे पुस्तिका का लेखन किया है । आशा है यात्रिकों को उससे सहायता मिलेगी ।

इस सेवाकार्य में निम्नलिखित महानुभावों ने सहयोग प्रदान किया है । मां नर्मदा उनका कल्याण करें ।

१.	शरदभाई श्रोफ, रेणुका श्रोफ मेनका श्रोफ, मिनाक्षी श्रोफ	मुंबई	१५१०१/-
२.	अेक भक्त तरफसे		१०००१/-
३.	ज्योत्सना रसीकभाई पटेल	U.S.A.	५००१/-
४.	प्रविणकुमार खंडुभाई मिस्त्री	बीलीमोरा	२५०१/-
५.	कंदर्प दिनेश जानी	U.S.A.	२००२/-
६.	कुलीनभाई उपाध्याय	अमदावाद	१५००/-
७.	सुहासीनीबहेन महेता	वडोदरा	५०००/-
८.	पिनल नयनेश पटेल	आणंद	४०००/-
९.	१०८, गुरुमाउली सेवानंद गुरु सुपडुनंद धूनीवाले दादाजी सेवानगर	सांगवी	१००१/-
१०.	डॉ. जयनाबेन बी. व्यास	U.S.A.	६२०१/-
११.	हरीशभाई शेठ	मुंबई	१००००/-



आत्मकृष्ण

नर्मदेहर अन्नक्षेत्र, नर्मदातट, तिलकवाड़ा

२. भूमिका

श्री नर्मदामैया की अनंत जयजयकार हो । नर्मदा परिक्रमा मार्गदर्शिका का यह छठा संस्करण प्रस्तुत है । इस पुस्तिका की सहाय से हजारों यात्रियों ने माँ नर्मदाजी की परिक्रमा सरलता से संपन्न की है । प्रतिवर्ष परिक्रमा मार्ग में कुछ न कुछ परिवर्तन होता रहता है । हम भी प्राप्त माहिती अनुसार पुस्तिका में सुधार करते रहते हैं । इस पुस्तिका में दो नये प्रकरण- १. श्री नर्मदा उत्पत्ति-कथा और २. नर्मदा परिक्रमा पद्धति एवं प्रकार जोड दिये गये हैं । आशा हैं परिक्रमावासी इस से लाभान्वित होंगे । दो नये आंतरिक मार्गों का भी निदर्शन किया गया है ।

अमरकंटक से डिंडोरी तक का मार्ग परापूर्व से प्रचलित सड़क मार्ग है जो नर्मदाजी से दूर है जिससे नित्य नर्मदाजी का दर्शन और स्नान होता नहीं हैं।इस पुस्तिका में अमरकंटक से देवगांव तक नदीतट का मार्ग दिखाया गया है । जो यात्री नर्मदाजी का किनारा छोडना नहीं चाहते उनके लिये यह उपयोगी सिद्ध होगा । उपरका सड़क मार्ग भी दिखाया गया है जो सरल और सुविधाजनक है ।

दूसरा मार्ग मंडला का है । मंडला होकर जो मार्ग है इसमें नर्मदा संगम क्षेत्र और तीर्थ आते रहते हैं । यात्री को इसी मार्ग से ही जाना चाहिये । लेकिन परिक्रमा शीघ्रता से पूर्ण करने की इच्छावालों के लिये उपरका दूसरा मार्ग है जो निवास होकर जाता है वो भी इस पुस्तिका में इस बार दिखाया गया है । लेकिन इस मार्ग में नर्मदा दर्शन-स्नान-तीर्थ यात्रा नहीं होगी ।

पुनासा और ओमकारेश्वर में बने बांधो के कारण नदीतट का मार्ग छूट गया है । अब हंडिया से उपरका सड़क मार्ग पकडकर आगे बढ़ना है जो यहां दिखाया गया है । सरदार सरोवर डेम के कारण अनेक रमणीय स्थान और तीर्थ उत्तरोत्तर जलमग्न होते जा रहे हैं । शूलपाणि की झाड़ी का जंगल मार्ग डूबमें आ गया है । बस्ती ऊठा ली गइ हैं । सर्वत्र पानी भर जाने से यात्रा अत्यंत कठिन हो

चूकी है। शूलपाणि की झाडी के मार्ग में सरदार सरोवर का गहरा जल और किनारे पर दलदल होनेसे नर्मदा स्नान करना अत्यंत मुश्किल है और भयजनक भी है । इसलिये यहां दो मार्ग दिखाये गये हैं - अेक मार्ग परंपरागत सड़क मार्ग है जो सरल और सुविधायुक्त है । मेरी राय से इसी मार्ग से ही जाना चाहिये । दूसरा मार्ग नदी तट से दूर जंगलों में से जाता है । यहां दोंनो मार्ग दिखाया गया है । दोनों मार्ग में लूटपाट का भय नहीं है और सुरक्षित है ।

पुस्तिका में अेक स्थान से दूसरे स्थान का अंतर कि.मी. में दर्शाया गया है । कभी-कभी यात्रियों को इसमें ज्यादा-कम लगता है । लेकिन ये समजना चाहिये कि अंतर नापने का कोई साधन तो है नहीं । ये तो अनुमान से - पूछताछ करके लिखा गया है । अेक बात और भी है कि कोई किनारे से जाता है तो कोइ उपर चढ़ जाता है । इसलिये अंतर तो पडेगा ही । प्रतिवर्ष कहीं अन्नक्षेत्र - सदाव्रत नये आरंभ होते हैं या कहीं बंद भी होते हैं । यहां तो यथासंभव माहिती प्राप्त कर के मार्गदर्शन दिया गया है ।

परिक्रमामार्ग के दोंनो तट की सूचिमें जहां 'तीर्थ' शब्द आता है इसका अर्थ है कि नर्मदा पुराण, वायु पुराण, वसिष्ठ संहिता या पद्म पुराण जैसे ग्रंथो में इस का वर्णन और माहात्म्य आता है । वहां जाकर स्नान-पूजन-प्रार्थना अवश्य करना चाहिये । परिक्रमा का उद्देश्य मात्र घुमना नहीं हैं, आध्यात्मिक उन्नति भी है । आशा है कि इस पुस्तिका से नर्मदा परिक्रमा करनेवालों को सहायता मिलेगी । माँ नर्मदा हम सब का कल्याण करे अैसी प्रार्थना है ।

मराठी भाषा में प्रकाशित पुस्तक श्री नर्मदा आख्यान में से नर्मदा परिक्रमा का नकशा लिया गया है। इस के लिये लेखक नर्मदा प्रसादजी के हम आभारी हैं ।

- माँ नर्मदाचरणकमलाश्रित

आत्मकृष्ण



३. नर्मदाष्टक

सबिन्दु – सिन्धुसुस्खलत्तरंगभंगरंजितं
द्विषत्सु पापजातजातकारिवारिसंयुतम्।
कृतान्तदूतकालभूत – भीतिहारि वर्मदे
त्वदीय पादपंकजं नमामि देवि नर्मदे ।।१।।
त्वदम्बुलीन–दीनमीन–दिव्य–सम्प्रदायकं
कलौ मलौघभारहारि सर्वतीर्थनायकम् ।
सुमत्स्य–कच्छ–नक्रचक्र–चक्रवाक शर्मदे
त्वदीय पादपंकजं नमामि देवि नर्मदे ।।२।।
महागभीर – नीरपूरपापधूतभूतलं
ध्वनत्समस्त – पातकारि – दारितापदाचलम् ।
जगल्लये महाभये मृकण्डुसूनुहर्म्यदे
त्वदीय पादपंकजं नमामि देवि नर्मदे ।।३।।
गतं तदैव मे भयं त्वदम्बु वीक्षितं यदा
मृकण्डुसूनुशौनकासुरारिसेवि सर्वदा।
पुनर्भवाब्धिजन्मजं भवाब्धिदुःखवर्मदे
त्वदीय पादपंकजं नमामि देवि नर्मदे ।।४।।
अलक्षलक्षकिन्नरामरासुरादिपूजित
सुलक्ष–नीर–तीर–धीर–पक्षि–लक्ष–कूजितम् ।
वशिष्ठ –शिष्ट पिप्पलाद – कर्दमादि शर्मदे
त्वदीय पादपंकजं नमामि देवि नर्मदे ।।५।।
सनत्कुमार – नाचिकेत – कश्यपात्रिषट्पदै
र्धृतं स्वकीय–मानसेषु नारदादिषट्पदैः ।
रवीन्दु – रन्तिदेव – देवराज कर्मशर्मदे
त्वदीय पादपंकजं नमामि देवि नर्मदे ।।६।।
अलक्ष –लक्ष–लक्षपाप–लक्षसारसायुधं
ततस्तु जीवजन्तुतन्तु–भुक्ति–मुक्तिदायकम्।

विरंचि –विष्णु–शंकर–स्वकीयधाम वर्मदे
त्वदीय पादपंकजं नमामि देवि नर्मदे ।।७।।
अहोऽमृतं स्वनं श्रुतं महेशकेशजातटे
किरातसूतवाडवेषु पण्डिते शठे नटे ।
दुरन्तपापतापहारि सर्वजन्तुशर्मदे
त्वदीय पादपंकजं नमामि देवि नर्मदे ।।८।।
इदं तु नर्मदाष्टकं त्रिकालमेव ये सदा
पठन्ति ते निरन्तरं न यान्ति दुर्गतिं कदा ।
सुलभ्य देहदुर्लभं महेशधामगौरवं
पुनर्भवा नरा न वै विलोकयन्ति रौरवम् ।।९।।
इति श्रीमत् शंकराचार्यविरचितं नर्मदाष्टकं सम्पूर्णम्।

❀ ❀ ❀

रे मन मस्त सदा दिल रहना

रे मन मस्त सदा दिल रहना, आन पडे सो सहना ।।
कोई दिन कम्बल कोई दिन अम्बर, कभु दिगम्बर सोना ।
आत्मनशा में देह भूलाके, साक्षी होकर रहना रे मन....।।१।।
कोई दिन घी–गुड मौज उडाना, कोई दिन भूक सहाना।
कोई दिन वाडी कोई दिन गाडी, कभु मसान जगाना।। रे मन..।।२।।
कोई दिन खाट–पलंग सजाना, कोई दिन धूल बिछौना ।
कोई दिन शाह बनें शाहों के, कभु फकीरा दीना ।। रे मन..।।३।।
कडुआ–मीठा सब का सुनना, मुख अमृत बरसाना ।
समज़ दुःख–सुख नभ बादल सम, रंग संग छुड़ाना ।। रे मन..।।४।।

–श्री रंग अवधूत

❀ ❀ ❀

४. नर्मदा महिमागान

है तेरे आधार नर्मदे ! है तेरे आधार ।।
मूर्ति मनोहर मंगलकारी, नीलांबर है मगरसवारी ।
रूप अनुपम भवभयहारी, महिमा अमित अपार ।। नर्मदे०।।१।।
शंभुलोक से धारा आई, मेकल पर्वत तीर्थ बनाई ।
अमरकंठ किरती जग छाई, होवे जयजयकार ।। नर्मदे०।।२।।
रेवाकुंड़ की शोभा न्यारी, जहां स्नान करे नर-नारी ।
छटा अनूठी निर्मल वारि, चहुँ दिशि फाटक द्वार ।। नर्मदे०।।३।।
पूरब बगिया बनी सुहावन, मार्कंड आश्रम अतिपावन ।
सोनभद्र धारा मनभावन, गिरती फोर पहाड़ ।। नर्मदे०।।४।।
कपिल धार की है छबि न्यारी, दूध धार निर्जन भयकारी ।
बड़े बड़े गिरि दुर्गम भारी, तिन को दिये बिदार ।। नर्मदे०।।५।।
धार नर्मदा पश्चिम धाई, उत्तर सोनभद्र प्रभु भाई ।
दोनों शिवगंगा पद पाई, दिया पातकिन तार ।। नर्मदे०।।६।।
सुमिरन से मैयाँ दुःख हरती, दरशन से पातक संहरती ।
मज्जन से मिलती है मुक्ति, पाप होय सब छाट ।। नर्मदे०।।७।।
शंकर तुम्हें महावर दीन्हें, तुम कंकर शंकर सम कीन्हें ।
भक्तन को निज सेवन से, किया जगत उद्धार ।। नर्मदे०।।८।।
माँ तू नर्मदे तुम्हें मनाउँ, तुम्हारी कृपा विमल मति पाउँ ।
शिव सरिते ! तेरे गुन गाउँ, कर दे बेड़ा पार ।। नर्मदे०।।९।।

❀ ❀ ❀

५. नर्मदा आरती

ॐ जय जगदानंदी, मैया जय आनंदकंदी,
ब्रह्मा-हरि-हर-शंकर, रेवा हरि-हर-शंकर,
रुद्री पालन्ती ।। ॐ जय जगदानंदी०।।१।।
देवि ! नारद तुम वरदायक, अभिनव पदचंडी,
हो मैया ! अभिनव पदचंडी;
सुर-नर-मुनिजन सेवत, सुर-नर-मुनिजन ध्यावत
शारद पदवन्ती ।। ॐ जय जगदानंदी०।।२।।
देवि ! धूम्रकवाहन राजत, वीणा वादन्ती,
हो मैया ! वीणा वादन्ती;
झुमकत झुमकत झननन, झुमकत झुमकत झननन,
रमती राजन्ती ।। ॐ जय जगदानंदी०।।३।।
देवि ! बाजत ताल मृदंगा, सुरमंडल रमती,
हो मैया ! सुरमंडल रमती;
तुडितान तुडितान तुडितान, तुरडड, तुरडड, तुरडड,
रमती सुरवन्ती ।। ॐ जय जगदानंदी०।।४।।
देवि सकल भुवन पर आप बिराजत, निशदिन आनंदी,
हो मैया ! सब जुग आनंदी;
गावत गंगाशंकर, सेवत रेवाशंकर,
तुम भव मेटन्ती ।। ॐ जय जगदानंदी०।।५।।
मैयाजी को कंचनथाल बिराजत, अगर कपूर बाती,
हो मैया ! अगर कपूर बाती;
अमरकंठ बिराजत, घाटन-घाट पूजावत,
कोटि रतन ज्योति । ॐ जय जगदानंदी०।।६।।
मैयाजी की आरती निशदिन, जो कोई पढ़ गावै,
हो मैया ! जुग जुग पढ़ गावै,
भजत शिवानंद स्वामी, रटत हरिहर स्वामी,
मनवांछित पावै ।। ॐ जय जगदानंदी०।।७।।

❀ ❀ ❀

६. कुछ आवश्यक बातें

१. नर्मदा परिक्रमा आरंभ करते समये नर्मदापूजन, कन्याभोजन अवश्य करना चाहिये । मुंडन कराकर संकल्प कर के माँ नर्मदाजी को प्रार्थना - प्रणाम करने के बाद नर्मदातट के कोई भी स्थान से परिक्रमा आरंभ कर सकते हैं ।

२. परिक्रमा पूजा का अंग होने से नित्य स्नान करने के बाद ही आगे चलना चाहिये । जूता, चप्पल, खडाउ आदि पहन कर परिक्रमा करना वर्ज्य है । जूता आदि पहन कर चलने से वह यात्रा होगी, परिक्रमा नहीं ।

३. कहीं भी माँ नर्मदाजी के मूल प्रवाह का उल्लंघन हो जाने से परिक्रमा भंग होगी । विशेषत: अमरकंटक के आसपास के ५०कि.मी. तक अत्यंत सावधान रहना जरूरी है, क्योंकि वहां नर्मदाजी की धारा पतली होती है ।

४. सत्य-ब्रह्मचर्य का पालन, पंचकेश बढ़ाना, व्यर्थ वाद-विवाद न करना, अेक बार भोजन, भूमि शयन और अकिंचन रहना आदि सामान्य नियम पालन करना जरूरी है । चातुर्मास, नवरात्रि, अेकादशी, पूर्णिमा-अमावस आदि पर्वों में अेक स्थान में रुक कर जप-तप करने से बहुत लाभ होगा ।

५. नर्मदाजी के प्रवाह में स्थित भेड़ा घाट, ओमकारेश्वर, व्यास बेट, कबीरबड, धरमपुरी द्वीप आदि स्थानों में परिक्रमावासी को जाना नहीं चाहिये । नर्मदाजी को लांघने से परिक्रमा भंग होती है ।

६. परिक्रमा के अंत में नर्मदाखंड के प्रधान देव ओमकारेश्वरका दर्शन-पूजन और नर्मदापूजन - कन्याभोजन आदि अवश्य करें।

७. परिक्रमावासी को चाहिये कि ज्यादा सामान और मूल्यवान वस्तु साथ में न रखें । दो कटिवस्त्र, दो उपवस्त्र, अेक टुवाल, आसन, कंबल, कांटे निकालने का साधन, जलपात्र अेवं लाठी अवश्य रखें।

८. परिक्रमावासी को अपने गांव से प्रमाणपत्र लेकर निकलना चाहिये। पहचानपत्र होना अत्यंत आवश्यक है ।

९. परिक्रमा मार्ग में ज्यादातर छोटे गांव आते हैं। आवश्यक दवाई आदि मिलना मुश्किल होता है । प्रथम से ही इसका प्रबंध करके चलने से सुविधा रहेगी । बड़े गांव या नगर में मेडिकल स्टोर हो सकते हैं ।

१०. पांव में लगनेवाले कांटे, कंकड आदि के लिये लिचेन्सा (LICHENSA) क्रीम अवश्य रखें । इस से बहुत अनुकूलता रहेगी । जाड़े के दिनों में तो यह क्रीम अत्यंत आवश्यक है ।

७. नर्मदा उत्पत्तिकथा

नर्मदा शर्मदा लोके पुरारिपददा मता ।
ये सेवन्ते नरा भक्त्या ते न यान्ति पुनर्भवम् ।।
(अक्षरगीता - रंग अवधूत)

नर्मदातट के वासी परम पूजनीय श्री रंग अवधूत महाराज द्वारा लिखित ग्रंथ अक्षरगीता में ऊन्होंने सत्य ही लिखा है कि नर्मदा इस लोक में शांति और परलोक में शिवलोक देनेवाली है । जो मनुष्य भक्तिभाव से माँ नर्मदा की पूजा-अर्चना करते हैं वे भवसागर से पार उतर जाते हैं।

नर्मदा माँ की महिमा का वर्णन करनेवाले बहुत से प्राचीन एवं आधुनिक ग्रंथ उपलब्ध हैं। पुराणों में स्कंद पुराण एवं वायुपुराण में नर्मदा माँ की महिमा से संबंधित रेवाखंड नामक अलग विभाग है। वैसे भी नर्मदा माँ के यश की गाथा वशिष्ठ संहिता, रामायण - महाभारत, बृहत् संहिता, स्कंद, विष्णु, मत्स्य, वराह, पद्म, कूर्म, ब्रह्म, वायु, अग्नि, शिव, वामन, कल्कि आदि पुराणों मिलती है। नर्मदा की उत्पत्ति के संबंध में अनेक कथायें प्रचलित हैं ।

१. प्राचीन कथा के अनुसार सृष्टि के आरंभ में भगवान शिव द्वारा किये गये तांडव नृत्य के समय उनके शरीर में से निकले पसीने से नर्मदा उत्पन्न होकर ब्रह्मलोक में रहने लगी । उस समय पृथ्वीलोक में कोई नदी नहीं थी । अत: सभी देवताओं ने शिवजी से नर्मदा को सर्वजनकल्याण के लिए पृथ्वी पर भेजने की प्रार्थना की । शिवजीने अपनी सम्मति प्रदान की। विन्ध्यपर्वत के पुत्र मेकलपर्वतने नर्मदा नदी को अपने शिर पर धारण किया और इसप्रकार नर्मदा का मेकलपर्वत पर अवतरण हुआ । इसीलिए आज भी नर्मदा मेकल कन्या के नाम से प्रसिद्ध है ।

२.वशिष्ट संहिता के अनुसार श्री नर्मदाजी माघ महिने के शुक्लपक्ष की सप्तमी,अश्विनी नक्षत्र, रविवार और मकर राशि में सूर्य था तब दोपहर के समय प्रकट हुई थी ।

३. वनवास के समय पांडव जब अमरकंटक आए तब उन्होंने मार्कण्डेय आश्रम में भगवती नर्मदा की उत्पत्ति के विषय में प्रश्न पूछे। ऋषिवर ने वायुपुराण में वर्णित एवं वायुदेव के संवाद की कथा का वर्णन किया।

सत्ययुग में भगवान शंकर ने सभी प्राणियों से अद्रश्य रहकर ऋक्ष पर्वत(विंध्याचल) पर दस हजार वर्ष तक तपस्या की । उस समय शंकर भगवान के शरीर में से सफेद रंग का स्वेद निकलता था । पर्वत पर से वहते पसीने में से अेक अत्यंत सुंदर कन्या उत्पन्न हुई । इस कन्या ने शिवजी के सामने एक पैर पर खड़ी होकर घोर तपस्या की । उससे प्रसन्न होकर शिवजी ने उससे वरदान मांगने को कहा। उस परम तपस्विनी कन्याने शंकर भगवान को वंदन कर के छे वरदान मांगे:

१. पृथ्वी लोक पर मैं अमर हो जाउं ।
२. मेरे जल में स्नान करनेवाले सभी जीवों के पाप नष्ट हो जायें।
३. भारत के उत्तर भाग में बहने वाली गंगा नदी की भाँति मैं दक्षिण भाग की परम पवित्र नदी बनुं ।
४. पृथ्वी के समस्त तीर्थों के स्नान का फल मेरे जल में स्नान मात्र से जीवों को प्राप्त हो जायें।
५. मेरे दर्शन मात्र से ही सभी प्राणी एवं मनुष्य मुक्त हो जायें।
६. मेरे जल से स्पर्श करते ही कंकर शंकर बन जाये।

आशुतोष भगवान शंकर ने तथास्तु कहकर इन सब वरदानों के साथ साथ एक ओर वरदान देते हुए कहा कि तेरे (नर्मदा नदी) किनारे उत्तर दिशा में रहने वाले सत्कर्मशील मनुष्य मेरे लोक को और दक्षिण तट पर रहने वाले लोग पितृलोक को प्राप्त होंगे । बाद में यही कन्या विन्ध्यपर्वत पर प्रकट हुई । इस की सुंदरता एवं गति अदभुत थी जिसके कारण सभी देव एवं दानव मोहवश हो गये और सभी उस के साथ विवाह करने को उत्सुक हो गये। भगवान शंकर ने सभी देवताओं से कहा–तुम्हारे में जो शक्तिशाली हो वही इस

कन्या से विवाह करे । परंतु पहले उसको ढुंढ़ कर लाओ । अनेक रूपों में यहाँ-वहाँ थोडी-थोडी देर के लिए दिखाई देनेवाली और कभी-कभी अदृश्य हो जानेवाली नदी को कोई ढुंढ़ न सका । इस प्रकार दो हजार दिव्य वर्षो तक क्रीडा करते रहने के कारण इस कन्या का नाम ''नर्मं ददाति इति नर्मदा'' हो गया । नर्मदा माँ की ये लीलायें देखकर भगवान शिवजी ने उस कन्या को अनेक वरदान देकर समुद्र को अर्पण कर दिया । नर्मदा शिवकन्या होने के कारण उस के नाम के साथ उनके पिताके नाम का उच्चार भी महामंत्र की तरह होता है जैसे - नर्मदे हर। नर्मदे हर ।

धून

१. हर शिवशंकर गौरीशं वन्दे गंगाधरमीशम् ।
रुद्रं पशुपतिमीशानम् कलये काशीपुरीनाथम् ।।
२. भाललोचन परमानंद नीलकंठ तव शरणम् ।
३. असुर निकंदन भवदुःखभंजन, सेवक के प्रतिपाला ।
आवागमन मिटाओ शंकर, भज शिव बारंबारा ।।
४. माई रेवा के हम बालक है, मैया दूध पिलावत है।
५. रेवातट पर धूम-धड़ाका, राम भजन का यही तड़ाका ।
६. भज ले मन! चारों धाम, गौरीशंकर सीताराम ।
गले में तुलसी मुखमें राम, हृदय बिराजे शालिग्राम ।।
७. बोलो संतो हरि-हरि, मुख पर मुरली अजब धरी ।।
८. नमो नर्मदा माई रेवा, पार्वती वल्लभ सदाशिवा ।।
९. भजो रेवा हि रेवा, भजो मैया हि मैया ।
भजो भोला हि भोला, भजो बाबा हि बाबा ।।
१०. हर हर नर्मदे हर, मातु गंगे हर । जटाशंकरी हर ।
नमः पार्वतीपतये हर हर महादेव ।

८. नर्मदा परिक्रमा - पद्धति अेवं प्रकार

नर्मदायै नमः प्रातः नर्मदायै नमो निशि ।
नमस्ते नर्मदे देवि ! त्राहि मां भवसागरात् ।।

मानवजीवन का ध्येय ईश्वर प्राप्ति इवं जन्म-मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त करना है । संतोने इसके लिए तप, योग, जप आदि अनेक साधन बताये हैं। नर्मदा माँ भगवान शिव की साक्षात कृपा है। प्राचीन साल से इसके दोनों तटो पर देवी देवताओं एवं साधु - संतों ने तप किया है । नर्मदा के उत्तर और दक्षिण तट पर आये हुए समस्त तीर्थ तपोभूमि हैं ।

नर्मदा परिक्रमा एक तपस्या है। कोई साहस यात्रा या सहेलगाह नहीं है । परिक्रमा के समय कदम - कदम पर अनेक कष्टों का सामना करना पडता है । नर्मदा की परिक्रमा साधक के जीवन को घड़ने का अमूल्य अवसर तथा ईश्वर अनुभूति का प्रबल साधन है । पूजनीय श्री रंग अवधूत महाराज बहुत बार कहते थे कि "यदि भगवान में श्रद्धा नहीं है और तब भी ईश्वर के दर्शन करने हों तो पूर्ण जिज्ञासा एवं श्रद्धा से माँ नर्मदा की परिक्रमा पर निकल पड़ो ।"

परिक्रमा उपासना का ही एक भाग है तथा अनुष्ठान की समाप्ति का सूचक भी है। प्रायः सभी मंदिरो में आरती एवं स्तुति-वंदना कर लेने के बाद परिक्रमा करने के बाद प्रसाद दिया जाता है। परिक्रमा से जन्मजन्मांतरो के पाप नष्ट हो जाते हैं।

यानि कानि च पापानि जन्मान्तरकृतानि च ।
तानि तानि प्रणश्यन्तु प्रदक्षिणा पदे-पदे ।।

भारत की सभी नदियों में से सात नदियाँ-गंगा, यमुना, गोदावरी, सरस्वती, नर्मदा, सिंधु और कावेरी को अति पवित्र माना जाता है । लेकिन परिक्रमा केवल नर्मदाजी की ही की जाती है। यह इस की विशिष्टता की सूचक है। माता-पिता, देवमंदिर, यज्ञभूमि एवं तीर्थक्षेत्र, ग्राम, नगर आदि की परिक्रमाओं का शास्त्रो में

विधान है लेकिन इन सब में नर्मदा की परिक्रमा सब से बड़ी एवं विकट है। मनुष्य की सभी प्रकार की सहन शक्ति की इस में कसौटी होती है।

परिक्रमा और उस के प्रकार :

हमें जिस की परिक्रमा करनी होती है उसको अपने सीधे हाथ की तरफ रखकर उसके चारों ओर गोल-गोल घूमने की क्रिया को परिक्रमा या प्रदक्षिणा कहते हैं । प्रदक्षिणा भगवान का नाम लेते लेते धीरे-धीरे करनी चाहिए । ईश्वर का ध्यान-चिंतन सहित शांतभाव से की जाने वाली परिक्रमा एक तरह की साधना है । परिक्रमा अनेक प्रकार से की जाती है,- पैदल चलकर, दंडवत् करते-करते और वाहन द्वारा । इन सबमें नंगे पैर चलकर की जाने वाली परिक्रमा को ही श्रेष्ठ मानी गई है । क्योंकि इसमें नर्मदाजी के दोनों तटों के सभी तीर्थो, संगमों की यात्रा होती है और स्नान, दर्शन, पूजन का अवसर मिलता है ।

वाहन द्वारा होने वाली परिक्रमा में केवल मुख्य-मुख्य तीर्थों के ही दर्शन होते हैं । वृद्ध, रोगी एवं अशक्त जैसे लोग जो चलकर परिक्रमा नहीं कर सकते वे वाहन का उपयोग कर सकते हैं।

समय :

पतितपावनी माँ नर्मदा के दोनों तटों पर अनेक तीर्थ, देवमंदिर एवं नदी - संगम स्थित है । जो यात्री परिक्रमा को उपासना समझकर निष्ठापूर्वक नित्य नर्मदा स्नान, देवपूजा, जप, तप करके परिक्रमा करे वो ही सर्वोत्तम है । वर्षाऋतु के चार महिने कोई भी एक स्थान पर स्थिर रहकर उपासना करनी चाहिये। परिक्रमा तीन साल, तीन महिने और तेरह दिनों में पूरी करनी चाहिए ऐसी परंपरा है, नियम नहीं है।

सकाम भाव से या स्वयं की मान्यता की पूर्ति के लिए परिक्रमा करने वाले अपनी अनुकूलता के अनुसार कम समय में भी परिक्रमा कर सकते हैं । कोई - कोई यात्री केवल एक सो आठ दिनों में या कोई बारह वर्ष में भी परिक्रमा पूर्ण करते हैं ।

मार्ग :

सामान्यत: नर्मदा के किनारे - किनारे ही यात्रियों को चलना पड़ता है । रास्ते में अनेक झरनें एवं छोटी-बड़ी नदियाँ, नालों को पार करना पड़ता है । ऊँचे - नीचे टीलों पर भी चढ़ - उतर करनी पड़ती है । माँ नर्मदा अपने उपर आश्रित साधकों की स्वयं ही संभाल लेती हैं । फिर भी साधकों को कांटें, चीकने दलदल एवं नदी-नालों से बचकर सावधानी पूर्वक चलना चाहिए । लक्कडकोट का जंगल और शूलपाणि की झाड़ी की यात्रा विकट मानी जाती है। सम्पूर्ण परिक्रमा किसी भी वाहन के उपयोग बिना नंगे पैर चलकर करने में ही सच्ची कसौटी एवं तपस्या है ।

धर्मशाला - सदाव्रत :

नर्मदा परिक्रमा हजारों साल से चल रही है । परिक्रमा-वासियों की सुविधा के लिए नर्मदा के दोनों तटों पर ग्रामों-नगरों में सुखी - दाता गृहस्थों की और से तथा साधुओं के आश्रमों में निवास एवं भिक्षा का प्रबंध किया गया है । सामान्यत: प्रत्येक स्थल पर धर्मशाला विद्यमान है । जंगल प्रदेश में कहीं-कहीं खुले में भी रहना पड़ता है ।

जहाँ सदाव्रत है वहाँ से नर्मदे हर कहकर मिक्षा में कच्ची सामग्री जैसे गेहूँ - बजरी - जुवार या मकई का आटा, दाल, नमक, मिर्च आदि मिल जाते हैं । किनारे के गाँवों की दुकानों में से कभी कभी चायकी पत्ती, चीनी, गुड, अगरबत्ती जैसी चीजें भी दी जाती हैं। कभी कभी कोई सद्‌गृहस्थ आदर-पूर्वक अपने घर ले जाकर भोजन भी करवाता है। किसी यात्रिक को मैया कभी भूखा रखती नहीं है।

परिक्रमा का स्वरूप:

सामान्यत: नर्मदा तट के किसी भी स्थल से परिक्रमा का प्रारंभ किया जा सकता है । नर्मदा को सीधे हाथ की तरफ रखकर समग्र प्रवाह के चारों तरफ गोल घूमकर जहाँ से परिक्रमा शुरु की

हो वहीं वापस आने पर परिक्रमा पूरी होती है । यदि नर्मदा के मूल प्रवाह का उल्लंघन हो गया तो परिक्रमा खंडित मानी जाती है । नर्मदामेंसे निकाली गई नहरें या पाईपलाईन्स के उल्लंघन में कोई दोष नहीं है।

सकाम परिक्रमा :

बहुत से लोग अपनी आर्थिक उन्नति, संतान प्राप्ति, रोग मुक्ति जैसी कामनाओं की पूर्ति के लिए परिक्रमा की मान्यता रखते हैं । कामना पूर्ण होने के बाद वे लोग परिक्रमा करते हैं । लेकिन ऐसे लोग विधि - निषेधका पालन नहीं करते ।

निष्काम परिक्रमा :

माँ नर्मदा की प्रसन्नता एवं कृपाप्राप्ति के लिये निष्काम भाव से परिक्रमा करनेवाले लोगों में वीतरागी साधु-सन्यासी एवं सत्पुरुष होते हैं । ऐसे लोग माँ नर्मदाजी के साथ-साथ सभी तीर्थों की यात्रा, दर्शन, पूजन, जप-तप आदि भी करते हैं।

नर्मदा परिक्रमा की सामान्य पद्धति ऐसी है कि माँ नर्मदा के समग्र प्रवाह के चारों तरफ गोलाकार घूमना । उदाहरण के लिए अमर कंटक से परिक्रमा शुरु करके सबसे पहले दक्षिणतट पर चलकर रेवा-सागर संगम पहुंचना चाहिए । नाव द्वारा सागर पार करके उत्तर तट का मार्ग पकडकर अमरकंटक पहुँच कर परिक्रमा पूरी करनी चाहिए। ॐकारेश्वर का स्थान द्विप रूप में होने के कारण वहाँ जाना संभव न होने के कारण वहाँ परिक्रमा पूर्ण होने के बाद जाकर दर्शन, पूजन आदि कर लेने से परिक्रमा संपूर्ण मानी जाती है ।

कोई कोई यात्री रेवा-सागर संगम पार नहीं उतरते । ये लोग मा नर्मदा के प्रवाह को रेवा - सागर संगम में भी पार नहीं करते । यह परिक्रमा दो तरह से होती है।

रेवा-सागर संगम के उत्तरतट से परिक्रमा आरंभ करके अमर कंटक होकर दक्षिण तट पर रेवा - सागर संगम पहुँचने पर यात्रा पूर्ण मानी जाती है ।

अमरकंटक से परिक्रमा शुरु करके दक्षिण तट पर रेवा सागर संगम पहुँचकर वहाँ से वापस अमरकंटक आकर आगे चलते चलते उत्तरतट पर रेवा - सागर संगम पहँचकर वहाँ से वापस मूल स्थान आरंभ अमरकंटक आने से परिक्रमा पूरी होती है । परंतु इसे

प्रदक्षिणा नहीं कह सकते, क्योंकि इसमें माँ नर्मदा समग्र परिक्रमा के दौरान अपने सीधे हाथ की तरफ नहीं रहती। रेवा-सागर संगम से वापस आते समय माँ नर्मदा उलटे हाथ की तरफ रहती है । यह ठीक नहीं है।

माँ नर्मदा के एक ही तट पर न चलकर कभी-कभी सामने के तट पर भी जाकर तीर्थदर्शन या संगम स्नान करने की पद्धति से होने वाली परिक्रमा हनुमत् परिक्रमा है । लेकिन इसमें नर्मदाजी का उल्लंघन होता है इसलिये ये परिक्रमा नहीं है ।

माँ नर्मदा के उत्तर या दक्षिण तट के कोई भी स्थल से परिक्रमा शुरु की जा सकती है। परंतु नर्मदाजी के उद्गम स्थान अमरकंटक, रेवा-सागर संगम, नाभिस्थान नेमावर और ॐकारेश्वर से आरंभ करना श्रेष्ठ माना गया है ।

❀ ❀ ❀

मैया अमरकंटकवाली

मैया अमरकंटकवाली कि तुम हो भोली भाली ।
तेरे गुन गाते हैं साधु, बजा बजा के ताली ।। मैया०।।१।।
भूरे मगर पर किन्ही सवारी, हाथ कमल का फूल ।
सब को देती ऋद्धि-सिद्धि, हमें गयी क्यों भूल ।। मैया०।।२।।
नहीं हमारा कुटुम्ब-कबीला, नहीं मात अरु तात ।
हम तो आये शरण तुम्हारी, शरण पडे की लाज । मैया०।।३।।
निर्धनियों को धन देती है, अज्ञानी को ज्ञान ।
अभिमानी का मान घटाती, खोती नाम-निशान । मैया०।।४।।
लाखों पापी तुमने तारे, लगी न पल की देर ।
अब तो मैया मेरी बारी, कहां लगाई देर ।। मैया०।।५।।
झारखंड है स्थान तुम्हारा, दो धारा के पास ।
जहां शिवशंकर करे तपस्या, उच्च शिखर कैलास ।। मैया०।।६।।

❀ ❀ ❀



९. नर्मदा परिक्रमा मार्ग

नर्मदा उत्तरतट

रेवा-सागर संगम - मीठी तलाई

से

अमरकंटक



नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मांक	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
	गुजरात राज्य **भरुच जिला**			
१	**मीठी तलाई** रेवा-सागर संगम । कृष्णानंद आश्रम-सदाव्रत । लिम्बेश्वर महादेव । नाव से उतरकर स्नान-दान अवश्य करना चाहिये ।	...	...	...
२	**जागरवा गांव** जागेश्वर महादेव-धर्मशाला-अन्नक्षेत्र ।	...	...	...
	नोंध : यहां से थोडा वापस जाना पडेगा । नर्मदा पुराणमें दर्शाये गये कुछ तीर्थ छूट जाते हैं । निम्नलिखित मार्ग से जाने से तीर्थ दर्शन हो जायेगा ।			
३	**हरिका धाम** शुकदेव आश्रम - शिवालय ।	१	...	...
४	**लुवारा गांव** जमदग्नि, परशुराम - तीर्थ ।	२	...	२
५	**लखी गांव** लूटनेश्वर महादेव - तीर्थ । गोक्षुर शिवलिंग । लखाबाबा का आश्रम, राममंदिर - सदाव्रत । पास में भूतेश्वर महादेव ।	२	...	१

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मां क	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
६	**दहेज** दधीची आश्रम । दूधेश्वर, हरसिद्धि, चामुंडी, महालक्ष्मी मन्दिर । गांव से बाहर नीलकंठ महादेव । मार्ग में सागर तट पर नमक निर्माण केन्द्र ।	१२	...	१
७	**अंभेठा** अमरेश्वर - सोमनाथ - उमियानाथ-चंद्रमौलीश्वर-तीर्थ । दत्तमंदिर । आश्रम-सदाव्रत ।	३	...	४
८	**सुवा गांव** सोमेश्वर - तीर्थ । आश्रम-सदाव्रत - अन्नक्षेत्र ।	१०	...	१
९	**कोलियाद** कपिलेश्वर महादेव - तीर्थ ।	३	एरंडी	१
१०	**वेंगणी** वैजनाथ महादेव - तीर्थ । सदाव्रत ।	२	...	१
११	**कलादरा** कपालेश्वर महादेव - तीर्थ । राममंदिर । खाड़ी में गणिता तीर्थ ।	३	भादरी (भूखी खाड़ी)	२
१२	**केसरोल** नागेश्वर महादेव । राममंदिर-सदाव्रत । रोड पर सदानन्द अवधूत आश्रम - अन्नक्षेत्र ।	९	...	...

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्रमांक	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
१३	**अमलेश्वर** अमलेश्वर महादेव - तीर्थ । (शिवमंदिर में वल्लुकेश्वर - शृंगीश्वर -आषाढेश्वर - कंथेश्वर - मार्कंडेश्वर महादेव-तीर्थ) धर्मशाला-सदाव्रत ।	४	...	१
१४	**एकसाल** अप्सरेश्वर - डींडीश्वर (डिमडिमेश्वर) महादेव - तीर्थ ।	५	...	२
१५	**मनाड़** मुन्यालय - मुनीश्वर महादेव - तीर्थ । गांव के बाहर च्यवनेश्वर महादेव ।	२	...	१
१६	**मेह गांव** मार्कंडेश्वर महादेव - तीर्थ । आश्रम - सदाव्रत । मार्ग में हरिजनों का हरिबाबा मंदिर ।	४	...	१
१७	**समनी - कासवा** शुंडीश्वर महादेव - तीर्थ । **कासवा** में भोलेश्वर आश्रम - अन्नक्षेत्र । मार्ग में च्यवनेश्वर - कंथेश्वर महादेव ।	७	...	१
१८	**भाडभूत** भारेश्वर (भारभूतीश्वर) महादेव - तीर्थ । सोमेश्वर पंचमुखी महादेव - मठ - वासुदेव कुटिर-सदाव्रत ।नर्मदा स्नान । अधिक भाद्रपद में प्रति १८ वर्षे मेला । रंग प्रेरणा मंदिर ।	७	...	१

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्रमांक	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि.मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
१९	**टींबी** सुवर्णबिन्देश्वर महादेव - तीर्थ । नर्मदा तटे नूतन महाकालेश्वर महादेव।	३	...	१
२०	**दशान** दसकन्येश्वर महादेव - तीर्थ । हरि शंकर महादेव ।	२	...	१
२१.	**वेरवाड़ा** टेकरा पर नर्मदा आश्रम - सदाव्रत । एक कि.मी. बाद सिद्धनाथ महादेव - आश्रम - अन्नक्षेत्र ।	२	...	...
२२.	**कुकरवाडा** पंचमुखी महादेव - सदाव्रत । कुररी तीर्थ । ढुंढ़ेश -क्षेत्रपाल । (हनुमान मानते हैं ।)	३	...	१
२३.	**त्रिगुणातीत ध्यान आश्रम** शिवमंदिर - आश्रम - सदाव्रत ।	२	...	...
२४.	**भरूच** कामनाथ - भृगु भास्करेश्वर - सोमेश्वर- भृग्वेश्वर -कोटेश्वर आदि -तीर्थ । नर्मदा पुराण में यहां ४८ तीर्थों का उल्लेख है। दशाश्वमेध घाट पर प्रसिद्ध नर्मदा-मंदिर । फुरजा रोड पर दत्तमंदिर। रेल्वे पुल के पास अशोक आश्रम । अनेक आश्रम - सदाव्रत - अन्नक्षेत्र । **चातुर्मास । अति पवित्र क्षेत्र ।**	४	...	२१

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मांक	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
२५	**मक्तमपुर** महारुद्र – तीर्थ । मार्ग में –ओमकारेश्वर महादेव । कुसुम– हरनाथ आश्रम ।	३	...	१
२६	**झाड़ेश्वर** घोडेश्वर – वैद्यनाथ महादेव – तीर्थ । दूधेश्वर – कामनाथ । किनारे राधाकृष्ण मंदिर । मार्ग में **श्री रामानंदाचार्य आश्रम**। **अलखधाम**– गायत्री मंदिर । शीतलामाता मंदिर – आश्रम । पुल के बाद **ब्रह्माकुमारी मंदिर** – आश्रम । **स्वामीनारायण मंदिर । नीलकंठ महादेव** दर्शनीय मंदिर – अन्नक्षेत्र – **चातुर्मास** । आगे मनन आश्रम ।	३	...	२
२७	**तवरा** कपिलेश्वर महादेव – तीर्थ । मंगलमठ– कबीर साहब का मंदिर – सदाव्रत ।	३	...	१
२८	**कड़ोद** कोटेश्वर महादेव – तीर्थ । सदाव्रत –धर्मशाला । अधिक वैशाख मास में प्रति १८ वर्षे मेला । नर्मदाजी में से छोटे–छोटे शिवलिंग मिलते हैं ।	३	...	१
२९	**शुक्लतीर्थ** शुक्लेश्वर – आदित्येश्वर महादेव तथा हुंकारनाथ (श्री विष्णु भगवान) तीर्थ । अम्बिका मंदिर – दत्तमंदिर – गंगनाथ	३	...	७

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्रमांक	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
	(गोपेश्वर) महादेव – रणछोडरायजी के मंदिर में अन्नक्षेत्र–नर्मदा तटे राम मंदिर में धर्मशाला – सदाव्रत । **चातुर्मास** । सामने – **जगदीश मढ़ी** ।			
३०	**मंगलेश्वर** मंगलेश्वर (भार्गलेश्वर) महादेव –तीर्थ । श्वेत वराह भगवान का दर्शनीय स्वरूप । गांव में शशीबहन का अन्नक्षेत्र ।	२	...	१
३१	**दत्तमढ़ी** दत्तमंदिर । भारद्वाज आश्रम–अन्नक्षेत्र । सामने – **कबीरबड़** ।	१	...	१
३२	**निकोरा** लिंगवराह – लिंकेश्वर महादेव –तीर्थ । केदारनाथ । गांव में सदाव्रत । पास में **ध्यानी धाम** – आनंदीमाता आश्रम – दर्शनीय स्थान ।	१	...	२
३३	**अंगारेश्वर** अंगारेश्वर (मंगलनाथ) महादेव – तीर्थ । जलाराम मंदिर में सदाव्रत ।	३	...	१
३४.	**धर्मशाला (धर्मशिला)** धर्मेश्वर महादेव – तीर्थ । प्रवाह में धर्मशिला । सांई प्रेम समय आश्रम – सांईधाम – धर्मशाला–अन्नक्षेत्र । संतो के लिये वृद्धाश्रम ।	२	...	१

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मां क	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
३५.	**झणोर** बलकेश्वर महादेव ।	३	...	१
	नोंध : शुकलतीर्थ से झणोर तक श्वेतवराह तीर्थ है । इस प्रदेशमें वराह भगवान और वाराहीमाता के मंदिर हैं ।			
३६.	**नांद** नन्दामाता मंदिर – तीर्थ । नन्दिकेश्वर महादेव ।	३	...	१
	वडोदरा जिला			
३७.	**सोमज - देलबाड़ा** सोमेश्वर – कर्कटेश्वर महादेव –तीर्थ । शिवशक्ति आश्रम – सदाव्रत ।	४	...	२
३८.	**ओझ** रामेश्वर महादेव – तीर्थ । धर्मशाला – सदाव्रत । इसको प्राचीन अयोध्या कहते हैं । यहां अधिक ज्येष्ठ मास में प्रति १२ वर्षे मेला । नर्मदाजीमें से देवमूर्तियां निकलती हैं । मार्ग में खेतो में कर्कटेश्वर–मार्कंडेश्वर महादेव ।	३	...	१
३९.	**मोटी कोरल** आदित्येश्वर – आशापुरी माता–वराह भगवान – पंचकुबेर – तीर्थ । पुनित आश्रम में धर्मशाला –अन्नक्षेत्र । नर्मदा	६	...	७

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मां क	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
	मंदिर । **चातुर्मास । अति पवित्र क्षेत्र** । सामने **भालोद** ।			
४०.	**सायर** सागरेश्वर महादेव – तीर्थ । दत्तमंदिर । दीवाबेट पर आश्रम ।	६	...	१
४१	**नारेश्वर** नारेश्वर (कपर्दीश्वर) महादेव – तीर्थ । श्रीरंग अवधूत आश्रम – धर्मशाला– अन्नक्षेत्र – **चातुर्मास** । पास में गोरख टेकरी आश्रम । स्टेशनरोड पर गिरनारी आश्रम ।	१	...	१
४२.	**कहोणा** कोहनेश्वर महादेव – तीर्थ । हंसमुख हनुमान – रामानंद आश्रम – धर्मशाला – अन्नक्षेत्र ।	३	...	१
४३	**फत्तेपुर** नर्मदेश्वर महादेव – तीर्थ ।	१	...	१
४४	**कोठिया** चंद्र प्रभास महादेव – तीर्थ ।	३	...	१
४५	**रणापुर** कंबुकेश्वर महादेव – तीर्थ । सिर्फ यहां शिवजी को शंखजल से स्नान करा सकते हैं । माधवानंद आश्रम–सदाव्रत। गांवमें रणछोडराय – बलराम मंदिर । संत माधवदासजी की तपोभूमि ।	२	...	१

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मां क	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
४६	**दिवेर** कपिलेश्वर महादेव - तीर्थ । गांव पूर्वे मढ़ी - सदाव्रत ।	२	...	१
४७	**मांडवा** त्रिलोचनेश्वर महादेव - तीर्थ ।	२	...	१
४८	**मालसर** अंगारेश्वर (मंगलनाथ) पांडवेश्वर महादेव - तीर्थ । अंबिका माता - प्रेमानंद आश्रम - प्रसिद्ध सत्यनारायण मंदिर-धर्मशाला-अन्नक्षेत्र। संत माधवदासजी तथा डोंगरेजी महाराज के समाधि मंदिर । पंचमुखी हनुमान कच्छी आश्रममें अन्नक्षेत्र योगानंद आश्रम में नर्मदा अन्नक्षेत्र । **चातुर्मास** । सामने **असा** ।	६	...	२
४९	**कंटोई** कोटीश्वर - अंगिरस- तीर्थ । तपोवन आश्रम - धर्मशाला - सदाव्रत ।	२	...	२
५०	**शिनोर** केदारेश्वर - उत्तरेश्वर - रोहिणेश्वर - कृष्णेश्वर - भंडारेश्वर - धूतपापेश्वर - भोगेश्वर - निष्कलंक महादेव - आठ तीर्थ हैं । घाट पर गणपति मंदिर - अन्नक्षेत्र । लालबाबा आश्रम-अन्नक्षेत्र । **चातुर्मास** । सामने **कांदरोज** ।	३	...	८

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मां क	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
५१	**नर्मदा आश्रम** नर्मदा मंदिर -हनुमान मंदिर -सदाव्रत ।	१	...	...
५२	**कंजेठा** सौभाग्यसुंदरी माता-करंजेश्वर-भरतेश्वर-नागेश्वर - तीर्थ । राधाकृष्ण मंदिर में सदाव्रत । सांईबाबा मंदिर ।	१	...	४
५३	**अम्बाली** अम्बिकेश्वर महादेव - तीर्थ ।	१	...	१
५४	**अनसूया माता** अनसूया माता-सुवर्णशिला-हत्या हरण तीर्थ । गंगा कूप । दत्तमंदिर - आश्रम-सदाव्रत। **झांझड** गांव के पास मन्मथेश्वर महादेव -तीर्थ । सामने **कोटेश्वर** ।	१	**अेरंडी**	४
५५	**जनकेश्वर** जनकेश्वर महादेव - तीर्थ । सदाव्रत ।	१	...	१
५६	**संकर्षण** संकर्षण - तीर्थ । आश्रम - सदाव्रत ।	२	...	१
५७	**कोटेश्वर** कोटेश्वर महादेव-तीर्थ ।कोटेश्वर साधना आश्रम । सदाव्रत -अन्नक्षेत्र ।	१	...	१
५८	**बरकाल** प्रभासेश्वर महादेव-तीर्थ । तट पर नर्मदा साधना कुटिर - आश्रम -अन्नक्षेत्र । पास में व्यासबेट पर सिध्धेश्वर महादेव-तीर्थ । सामने **शुकदेवजी** ।	१	...	१

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मां क	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
५९.	**मोलेथा** कोटेश्वर महादेव–तीर्थ।महर्षि याज्ञवल्कय की तपोभूमि।राधाकृष्ण मंदिर–हनुमानजी । शिवशक्ति पीठ, सतुआ बाबा आश्रम, काशी का स्थान । आसाराम आश्रम – अन्नक्षेत्र । आगे **कोतरडी** आश्रम में शिवलिंगमें से जल निकलता है ।	३	...	१
६०.	**मृत्युंजय आश्रम** मृत्युंजय महादेव –दुर्गामाता– लक्ष्मीनारायण आदि दर्शन – आश्रम – अन्नक्षेत्र ।	...	...	
६१.	**दरियापुरा** नर–नारायणेश्वर महादेव–तीर्थ ।	६	...	१
६२.	**बदरिकाश्रम** बदरिनारायण – केदारनाथ महादेव–द्वादश ज्योतिर्लिंग – अम्बिका माताजी आदि अनेक दर्शन । आश्रम –अन्नक्षेत्र – **चातुर्मास** ।	...	...	१
६३.	**नन्देरिया** नन्दिकेश्वर महादेव – तीर्थ – आश्रम – सदाव्रत । वैशाख शुक्ल सप्तमीको गंगा प्रागट्य मेला ।	२	...	१

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्रमांक	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
६४.	**गंगनाथ** गंगनाथ महादेव – तीर्थ । आश्रम – सदाव्रत । सरस्वती गुफा । दिव्यभूमि ।	...	...	१
६५.	**भीमपुरा** श्रीकालीमाता – रामकृष्ण मंदिर । माँ आनंदमयी आश्रम – सदाव्रत । शिवमंदिर – राधाकृष्ण मंदिर ।	१	...	१
६६.	**यमहास** यमहास्येश्वर महादेव –तीर्थ ।	...	...	१
६७.	**चांदोद** चंडिकामाता –चंडादित्य तीर्थ । शेषशायी नारायण – कपिलेश्वर – ऋणमुक्तेश्वर – पिंगलेश्वर – नन्दा – आनन्दा माता – सप्त तीर्थ । चक्रतीर्थ घाट पर दत्तमंदिर में धर्मशाला – अन्नक्षेत्र । अनेक आश्रम–सदाव्रत – अन्नक्षेत्र । **चातुर्मास** । **अति पवित्रक्षेत्र** ।	१	...	७
६८	**करनाली** सोमेश्वर–कुबेरेश्वर – पावकेश्वर (अग्नि)–तीर्थ। **दक्षिण प्रयाग–त्रिवेणी संगम**। गीतामंदिर – गायत्री मंदिर–दक्षिणामूर्ति	२	**ओरसंग**	३

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मांक	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
	आश्रम-नर्मदा मंदिर-शक्तिपीठ आश्रम-अन्नक्षेत्र - कालीमंदिर । प्रति अमावास्याको मेला । **चातुर्मास** । **अतिपवित्र क्षेत्र** । पास में **हंसारूढ़ आश्रम** ।			
६९	**बरबाड़ा** वरुणेश्वर महादेव - तीर्थ ।	६	...	१
७०	**मोरिया** मारुति मंदिर । नर्मदेश्वर महादेव । आश्रम-सदाव्रत ।	२	...	...
	नर्मदा जिला			
७१	**नल गांव** नन्दिकेश्वर महादेव-तीर्थ ।	३	...	१
७२	**चुडेश्वर** चंद्रेश्वर महादेव-तीर्थ । आश्रम-सदाव्रत ।	३	**अश्विनी**	१
७३	**तिलकबाड़ा** तिलकेश्वर-गौतमेश्वर-सप्तमातृका मंदिर-तीर्थ । नर्मदा मंदिर-मारुति - रामेश्वर महादेव - वासुदेवानंद सरस्वती स्मृति मंदिर । नर्मदेहर अन्नक्षेत्र । **चातुर्मास** ।	३	...	३

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मां क	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
७४	**मणिनागेश्वर** मणिनागेश्वर - तीर्थ । आश्रम - सदाव्रत - अन्नक्षेत्र ।	२	**मेण (मणि)**	१
७५	**वासणा** कपिलेश्वर महादेव - तीर्थ । आश्रम - सदाव्रत - अन्नक्षेत्र ।	३	...	१
७६	**रेंगण** कामदेश्वर महादेव - तीर्थ ।	२	...	१
७७	**सांजरोली** हनुमान मंदिर । रवितीर्थ लुप्त । आश्रम - सदाव्रत ।	३	...	१
७८	**अक्तेश्वर** अगस्त्येश्वर-केदारेश्वर महादेव -तीर्थ । धर्मशाला - अन्नक्षेत्र । **चातुर्मास** ।	२	...	२
७९	**गरुड़ेश्वर** मार्ग में कुमारेश्वर महादेव-तीर्थ । गरुड़ेश्वर - करोटीश्वर - नारदेश्वर - मधुच्छंदेश्वर महादेव - तीर्थ । दत्तमंदिर - अन्नक्षेत्र । स्वामी वासुदेवानंद सरस्वतीजी का समाधि मंदिर । अनेक मंदिर-आश्रम । राममंदिर - अन्नक्षेत्र । **चातुर्मास** ।	३	...	५
८०	**गभाणा** कम्बलेश्वर - मार्कंडेश्वर तीर्थ लुप्त । - संगमेश्वर महादेव ।	२	**भीमकुल्या**	१

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मांक	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
८१	**केवडिया - नवागाम** आदित्येश्वर महादेव - तीर्थ । धर्मशाला-सदाव्रत । सरदार सरोवर डेम सामने-**नूतन शूलपाणीश्वर महादेव** ।	६	...	१
	नोंध : आगे सरदार सरोवर डेम होने से नदीतट का मार्ग बंद है । रास्ता और बस्ती नहीं है । अब निम्नलिखित सड़कमार्ग से आगे बढ़ना है ।			
	सड़कमार्ग - १ (केवडिया से)			
	खडगदा - ३ । झरिया - ५ हनुमान मंदिर -अन्नक्षेत्र । उंड़वा - हनुमान मंदिर । छोटी अम्बाजी माता - धर्मशाला - अन्नक्षेत्र-सदाव्रत । पहाडों में रमणीय स्थान ।	९		
	सड़क मार्ग - २ (केवडिया से)			
८२	**उंड़वा** **हनुमान मंदिर**-८ । छोटी अम्बाजी माता मन्दिर-१ । गांव - **जीवणपुरा** । (केवडिया से चींचवाडा तक पक्की सड़क । मार्ग छोडकर जांबुघोडा होकर।)	९		
८३	**बोरियाद** रणछोडजी मंदिर-शिवमंदिर-धर्मशाला।	१२	...	१

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्रमांक	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
	(मार्ग; चीकरवा -पानी महुडा-हरिपुरा - भरवाडा-नौगामा होकर जाना है ।)			
८४	**वगाच** वाघेश्वर महादेव - अन्नक्षेत्र ।	४	...	...
८५	**भाखा** शिवमंदिर - अन्नक्षेत्र ।			
८६	**कानबेड़ा** हेन्डपंप के पास दुकान - सदाव्रत ।	५	...	...
८७	**कवांट** कामनाथ महादेव - अन्नक्षेत्र। नीलकंठ महादेव - कालीमाता - रामदेव पीर मंदिर-सदाव्रत ।	८	...	१
८८	**कड़ीपानी** नीलकंठ महादेव - आश्रम -सदाव्रत- अन्नक्षेत्र ।	१२	...	१
८९	**हांफेश्वर** हांफेश्वर (हंसेश्वर) महादेव - तीर्थ । आश्रम - सदाव्रत - अन्नक्षेत्र । रमणीय स्थान । नर्मदातट । **चातुर्मास**।	८	...	१

नोंध : यह शूलपाणि की झाड़ी का मध्यभाग है । सरदार सरोवर का पानी भर जाने से पुराना हांफेश्वर मंदिर जलमग्न हो गया । आगे का नदीतट का मार्ग रास्ता और बस्ती न होने से बंद है । थोडा पीछे लौटकर आगे मार्ग है । दो मार्ग हैं ।

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मां क	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
	सड़क मार्ग – १ (हांफेश्वर से)			
९०	**कड़ीपानी**	८	...	...
९१	**लींबड़ी**	५	...	...
	मध्यप्रदेश राज्य अलीराजपुरा जिला			
९२.	**वखतगढ़** गायत्री मंदिर – सदाव्रत ।	९	...	१
९३.	**अढ़ा** गायत्री मंदिर – सदाव्रत ।	१०	...	१
९४.	**उमरठ** गांव में अन्नक्षेत्र ।	८	...	...
९५.	**टेमला** गायत्री परिवार – सदाव्रत ।	७	...	१
९६	**कवड़ा** हनुमान मंदिर । आश्रम–सदाव्रत । धर्मशाला ।	९	...	१
९७	**डही** शिवमंदिर । गांव के बाहर हनुमान मंदिर – सदाव्रत ।	१२	...	१

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मांक	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
	सड़कमार्ग - २ (कडीपानी से)			
	१. **कवांट**	१४	...	१
	२. **रेणदा**	१२	...	१
	नर्मदे हर अन्नकुटिर ।			
	मध्यप्रदेश राज्य अलीराजपुर जिला			
	३. **छकतला**	४	...	...
	गायत्रीमंदिर ।			
	४. **उमराली**	१८	...	१
	५. **सोंड़वा**	११	...	...
	६. **कवड़ा**	११	...	...
	हनुमान मंदिर-धर्मशाला-सदाव्रत ।			
	७. **डही**	११	...	१
	गांव बाहर हनुमान मंदिर-धर्मशाला - सदाव्रत ।			
९८	**धर्मराय**	१२	...	१
	नूतन धर्मेश्वर महादेव - तीर्थ ।			
	नारायण कुटि आश्रम - सदाव्रत ।			
९९	**पिपरीपुरा**	११	...	...
	दुर्गामंदिर - अन्नक्षेत्र ।			

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मां क	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
१००	**कोटेश्वर** कोटेश्वर महादेव - तीर्थ । खाखचौक में कनकबिहारीजी मंदिर - अन्नक्षेत्र । दगडु महाराज प्रेरित अखंड रामधून । अन्नक्षेत्र । अनेक मंदिर - धर्मशाला । **चातुर्मास** ।	५	उरी बागली	१
१०१	**गेहल गांव** अग्नितीर्थ । गंगेश्वर महादेव।हनुमानजी । जय भाथीजी आश्रम - अन्नक्षेत्र ।	१०	...	१
१०२	**चिखलदा** नीलकंठेश्वर-हरिहरेश्वर महादेव मंदिर । स्वामी वासुदेवानंद सरस्वतीने यहां चातुर्मास किया था । सामने **राजघाट** ।	१०	...	१
नोंध:-कोटेश्वर से एक रास्ता निसरपुर होकर कडमाल १०, नर्मदानगर-५ से चिखलदा पहुंचता है ।				
१०३	**मलवाड़ा** हनुमान मंदिर - दत्तमंदिर । सदाव्रत ।	६	...	१
१०४	**बोधवाड़ा** देवपथ लिंग-तीर्थ । आश्रम-अन्नक्षेत्र ।	२	...	१
१०५	**गांगलोद** नन्दिकेश्वर - तीर्थ । सदाव्रत ।	५	बगाड	१
१०६	**अकलबाड़ा** राममंदिर - सदाव्रत । गांव के बाहर	४	वागु	२

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मां क	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
	वागीश्वर महादेव । आश्रम-अन्नक्षेत्र ।			
१०७	**सेमरदा** दीप्तिकेश्वर महादेव - तीर्थ ।	३	...	१
१०८	**शरीफपुरा** शिवशक्ति धाम - सदाव्रत ।	८	...	...
१०९	**पेरखड़** विष्णु तीर्थ । राममंदिर-सदाव्रत । गांव के बाहर भोगेश्वर - महादेव-अन्नक्षेत्र ।	३	**काकड़िया**	१
११०	**बड़ा वर्धा (बडदा)** वराहेश्वर-तीर्थ । गांव के बाहर कैलास टेकरी - गढ़ी - सदाव्रत । महाकालेश्वर महादेव - साधुकुटी ।	१०	...	१

नोंध :- यहां से मांडवगढ़ (मांडु) जाने के लिये दो मार्ग हैं । नदी तटका मार्ग और उपर का सड़क मार्ग ।

नदी तट का मार्ग (बडा वर्धा से)

१११	**ऋद्धेश्वर घाट** ऋद्धेश्वर महादेव - अदिति-तीर्थ । **मलण गांव** ।	३	**मान**	२
११२	**शुक्लेश्वर** सौर तीर्थ - सदाव्रत ।	७	**चिड़ी**	१

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मांक	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
११३	**हतनावर** दारुकेश्वर महादेव - तीर्थ । राममंदिर - सदाव्रत ।	७	...	१
११४	**खुजावा** - रामधाम आश्रम - अन्न क्षेत्र । नर्मदा - कुब्जा संगम ।	५	**कुब्जा**	१

नोंध :- यहां से नदीतट के मार्ग में धर्मपुरी में नागेश्वर महादेव - विष्णुमंदिर । द्वीप में बिल्वाम्रक तीर्थ है । आगे **खल घाट में** कपिलेश्वर महादेव - तीर्थ है ।

सड़क मार्ग - १
खुजावा गांव से ।

११५	**पगारा** वक्रतुंड गणेश मंदिर - सदाव्रत ।	८	...	१
११६	**पीपल्यागुट** हनुमान मंदिर - आश्रम - सदाव्रत ।	३	...	...
११७	**काली बावड़ी** राममंदिर - सदाव्रत । गुप्तेश्वर महादेव - हनुमान मंदिर । मार्ग में **अहिरवासमें** दुर्गामंदिर ।	५	...	१
११८	**मांडवगढ़ (मांडु)** पर्वत - जंगल मार्ग । उपर नीलकंठ महादेव - रमणीय स्थान । यहां से तीन	१५	...	१

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मां क	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
	कि.मी. दूर गांव में राममंदिर में **चतुर्भुज रामजी** ११०० साल पुराना विग्रह । अन्नक्षेत्र - धर्मशाला । अनेक मंदिर । दर्शनीय ऐतिहासिक स्थान ।			
११९	**रेवाकुंड** रेवाकुंड में नर्मदाजी की जलधारा आती है ऐसी मान्यता होने से कुंड को सीधे हाथ की और रखकर आगे जाना चाहिये । यहां रानी रूपमती - बाज बहादुर का ऐतिहासिक महल है । महल की छत पर से दूर दूर (१५ कि.मी) नर्मदा दर्शन होता है ।	५	...	१
	सड़क मार्ग **(बड़ा बर्धा से)**			
	१.बाकानेर गजानन बाबा का आश्रम -सदाव्रत । मार्ग में **कुवालि** गांवमें हनुमान मंदिर।	१०	मान	१
	२.लुन्हेरा राधाकृष्ण मंदिर । गांव के बाहर हनुमान मंदिर - सदाव्रत ।	८	...	१
	३.काली बावड़ी	१४	...	१

नर्मदा परिक्रमा मार्ग
उत्तर तट

क्र मां क	गाम-तीर्थ-आश्रम-सदाव्रत	अंतर कि. मी.	नदी संगम	तीर्थ निवास दिन
	४.मांडवगढ़ (मांडु)	१५	...	१
	५.रेवा कुंड	५	...	१
